डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42
प्रतिवेदन - बाल दिवस समारोह - 2022- 2023

बच्चे भगवान की अनुपम देन हैं। वे देश के भविष्य के कर्णधार हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष पूरे देश में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। इसी भावना से ओतप्रोत होकर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी चेन्नई शाखा ने विद्यालय के प्रांगण में बाल दिवस का आयोजन किया। समारोह की मेज़बानी प्राइमरी अध्यापिकाओं और छात्र - छात्राओं द्वारा की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत दिव्य गायत्री मंत्र के साथ हुई। जवाहर लाल नेहरू के जीवन की झाँकी से अवगत कराने हेतु कक्षा पाँचवीं की छात्रा ने दर्शकों के लिए एक संक्षिप्त भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने कपों की सहायता से संगीतात्मक प्रस्तुति प्रस्तुत की। संगीत का अनूठा संगम देखने योग्य था। सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने जीवन की यर्थाथता को नृत्य रूप में प्रस्तुत किया। प्री प्राइमरी और प्राइमरी की शिक्षिकाओं ने बालपन की स्वचछंदता की प्रस्तुति नृत्य रूप में की। कक्षा छठी की शिक्षिकाओं ने गीत प्रस्तुत करके समाँ बाँध दिया। अगले कार्यक्रम में प्री प्राइमरी की शिक्षिकाओं ने बच्चों के मनोभावों को उजागर करते हुए गीत प्रस्तुत किया। कहानी बच्चों को सदा से प्रिय रही है। प्री प्राइमरी की शिक्षिकाओं ने 'प्यासा कौवा' कहानी को नए परिवेश में ढालने हेतु नई तकनीकी जैसे गूगल मैप, प्री पैड, ऑनलाइन, टैक्सी बुकिंग आदि का प्रयोग करते हुए कला एकीकृत गतिविधि का उचित मॉडल प्रस्तुत किया। तत्पश्चात शिक्षिकाओं द्वारा तमिल गीत पेश किया गया, जिसका अर्थ था - विद्यार्थियों में कर्म करने की प्रवृत्ति को विकसित करना। हमारा देश हमारी पहचान है, इसी भावना के वशीभूत होकर शिक्षक-शिक्षिका द्वारा मधुर गीत प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम मनोरंजक रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं शान्ति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

बाल दिवस समारोह- 2022- 2023

कप संगीत प्रस्तुत करती हुईं छात्राएँ

जीवन के महत्त्व की गीतात्मक प्रस्तुति

बालपन की स्वच्छंदता नृत्य रूप में
दर्शाती हुईं शिक्षिकाएँ

शिक्षिकाओं द्वारा नई तकनीकी प्रयुक्त
कथा वाचन